राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राम मंदिर भूमि पूजन से मैं अभिभूत हूं
—राज्यपाल

जयपुर, 5 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि '' मैं आज अत्यन्त प्रसन्न हूँ। हम मंदिर निर्माण के लिए प्रतिबद्व थे। आज हमारी प्रतिबद्वता पूर्ण हो रही है। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बने, ऐसी हमने कल्पना की थी। आज हमारी कल्पना साकार रूप ले रही है। हम सदैव यह चाहते थे कि मंदिर के निर्माण से भारत की दुनिया में प्रतिष्ठा ओर बढे। यह मंदिर सांस्कृतिक एकता, राष्ट्रीय एकता और वसुधैव कुटुम्बकम के प्रतीक के रूप में स्थापित होगा। न्यायालय के फैसले, आम सहमति और जनभावना के अनुरूप यह कार्य हो रहा है। मैं राम मंदिर आन्दोलन से जुड़े करोड़ों संतो, सभी नागरिकों का अभिनन्दन करता हूँ तथा प्रधानमंत्री जी को बधाई व धन्यवाद देता हूँ। ''

राजभवन में सुंदरकाण्ड का पाठ — राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र ने बुधवार को सांय राजभवन में अपने परिजनों व राजभवन के कुछ अधिकारियों के साथ सुंदरकाण्ड का पाठ किया। राज्यपाल ने देश व प्रदेश की समृद्वि की कामना की।

राजभवन में 101 दीप प्रज्जवलित किये राज्यपाल ने — राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजभवन में बुधवार को संध्यावेला में 101 दीप प्रज्जवलित कर मर्यादा पुरूषोत्तम राम से देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

——

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क),
राज्यपाल, राजस्थान
9829271189